| 15. | Ms. Jagrati Asija | Employee Consciousness as an Individual Enabler of workplace spirituality | 11th October, 2022 | MNCPDR-2022. Dayalbagh Educational Institute |
| 16. | Dr. Shweta Chaudhary | A Journey of 75 Years of Transformation of Rural India | 16th November 2022 | National seminar on economy @ 75: Azadi ka Amrit Mahotsava, Central University of Haryana |
| 17. | Dr. Shweta Chaudhary | A study of Creative Global Trends in Technology Based Entrepreneurship | 11th October, 2022 | MNCPDR-2022. Dayalbagh Educational Institute |
| 18. | Dr. Swati Mathur | Impact of Covid-19 on Human Values and Livelihood of Adults | 7th November, 2022 | International conference on impact of covid- 19, HUMPEAR. Dayalbagh Educational Institute |
| 19. | Dr. Ruchira Prasad | Growth Analysis of Different Types of Financial Derivatives at National Stock Exchange | 7th November, 2022 | International conference on impact of covid- 19, HUMPEAR. Dayalbagh Educational |
| 20. | Dr. Varsha Goyal | Impact of Covid-19 on Migrant Workers and OSH Labour code | 7th November, 2022 | International conference on impact of covid- 19, HUMPEAR. Dayalbagh Educational |
| 21. | Dr. Shweta Gupta | Digital Financial Inclusion During Covid-19 | 7th November, 2022 | International conference on impact of covid- 19, HUMPEAR. Dayalbagh Educational |
| 22. | Dr. Seema Singh | The Impact of Organizational Values on Employee Competencies | 7th November, 2022 | International conference on impact of covid- 19, HUMPEAR. Dayalbagh Educational |
| 23. | Dr. Seema Singh | The Cost of Incivility in the Workplace" MNCPDR-2022. | 11th October, 2022 | MNCPDR-2022, Dayalbagh Educational Institute |

## Participation in FDP/Workshop/Short Term Training Programe

| S. No. | Participant Name | Title | Date | Organized By |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Vineeta Singh | International Virtual Conference on Recent Trends in Applied Mathematics ICRTAM - 2022 | October 07th, 2022 | Department of Science and Humanities (Mathematics), Sri Ramakrishna Institute of Technology, Pachapalayam, Coimbatore |
| 2. | Dr. Neelam Yadav | Teaching Methodology: Aptitude, Processing Information & Interactivity in Lecturing | from 18th October to 5th November, 2022 | Seth G.B. Podar College, Nawalgarh, Rajasthan in Collaboration with Senior Expert Service, Germany |
| 3. | Neha Bhardwaj | Current Trends in Applications of Mathematics | Sep. 21th – Oct. 4th , 2022 | Department of Mathematics, School of Sciences and Humanities, Vel Tech Rangarajan Dr. Sagunthala R&D Institute of Science and Tedchnology, Avadi, Chennai, Tamil Nadu |
| 4. | Shivangi Dubey | Two weeks FDP on "Current Trends in Applications of Mathematics" | 21th Sep, 2022 to 04th Oct, 2022 | Department of Mathematics, School of Sciences and Humanities, Vel Tech . R&D Institute of Science and Technology, Chennai |
| 5. | Rajat Kumar Pachauri | Two weeks FDP on "Current Trends in Applications of Mathematics" | 21th Sep, 2022 to 04th Oct, 2022 | Department of Mathematics, School of Sciences and Humanities, Vel Tech . R&D Institute of Science and Technology, Chennai |
| 6. | Rajat Kumar Pachauri | Productive Tools for Researchers | 20th Oct, 2022 | Department of Research & Publications, A2Z Edu-Learning Hub LLP |
| 7. | Rajat Kumar Pachauri | Sample Size Calculation | 2nd Dec, 2022 | MED Analytics India |
| 8. | Km. Kanta | One Day workshop on National Education Policy | 30th Oct. 2022 | Dr. B. R. Ambedkar University, Agra |
| 9. | Ms. Diksha Gautam | One Day workshop on National Education Policy | 30th Oct. 2022 | Dr. B. R. Ambedkar University, Agra |
| 10. | Ms. Maneesha Dubey | One Day workshop on National Education Policy | 30th Oct. 2022 | Dr. B. R. Ambedkar University, Agra |
| 11. | Mr. Amendra Singh | One Day workshop on National Education Policy | 30th Oct. 2022 | Dr. B. R. Ambedkar University, Agra |
| 12. | Dr. Shalini Sharma | 5-days Online FDP on the theme "Inculcating Universal Human Values in Technical Education" | from 19th Dec. to 23rd Dec. 2022 | All India Council for Technical Education (AICTE) |

# सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां

- दिनांक 02.10.2022 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर



कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के मालियों और सफाई कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए उपहार देकर सम्मानित किया गया ।

- दिनांक 02.10.2022 को मा. कुलपति ने खंदारी परिसर में विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो 90.4 "आगरा की आवाज" का निरीक्षण किया और प्रसारण की व्यवस्थाओं को देखा, रेडियो पर




प्रसारित हो रहे कार्यक्रमों के बारे में जाना और सामुदायिक रेडियो द्वारा समाज और छात्र–छात्राओं के हित में किये जा रहे कार्यो की सरहाना की और सन्देश भी रिकॉर्ड कराया ।

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के राष्ट्रीय सेवा



योजना और यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल के स्वयंसेवकों द्वारा ''स्वच्छ भारत अभियान 2.0'' के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता रैली एवं विवि परिसर में 'सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन' के उद्देश्य से स्वच्छता गतिविधि का आयोजन किया गया। कुलपति द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

- विश्वविद्यालय आगरा के गृह विज्ञान संस्थान, खंदारी परिसर में महिला अध्ययन केंद्र में छात्राओं एवं बस्तियों में रहने वाली महिलाओं



के मध्य "स्वास्थ्य एवं स्वच्छता'' विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. स्मिता नागर (गायनेकोलॉजिस्ट) एवं डॉ. सलोनी बघेल (असिस्टेंट प्रोफेसर, एसएन मेडिकल कॉलेज) ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

- डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल एवं छात्र कल्याण विभाग के



संयुक्त तत्वावधान में रविवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर



पर 'एकता दौड़' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

● दिनांक 02.10.2022 को मा. कुलपति द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा खंदारी परिसर में स्कूल ऑफ लाइफ साइंस के पर्यावरण अध्ययन विभाग में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे हरसिंगार, कनेर, गुड़हल, बेला, चंपा,




रात की रानी तथा अनेक प्रकार के खुशबूदार वृक्षों का रोपण किया गया।

● डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी और हेल्थ डिपार्टमेंट, आगरा के




सहयोग से 14.11.22 को छलेसर परिसर में ''विश्व मधुमेह दिवस'' मनाया गया ।

● दिनांक 14.11.22 को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो 90.4 "आगरा की आवाज" में में बाल दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्नेह स्पेशल स्कूल से स्पेशल बच्चों के साथ किया गया। जिसमे उन्हें स्टूडियो में आमंत्रित कर रेडियो भ्रमण



कराया और रेडियो की कार्यशैली के बारे में बताया गया. सभी बच्चों ने अलग अलग गतिविधियों में भाग लेकर आनंद उठाया, जैसे डांस, गीत, कविता और कुछ मनोरंजक खेल इत्यादि, और उन्हें उपहार देने के साथ बाल दिवस का महत्व भी समझाया गया।

● दिनांक 21.11.2022 को विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो 90.4 "आगरा की आवाज" द्वारा पांच माह तक चलाये जाने वाले अभियान 'द टीबी चैलेंज' का शुभारम्भ आगरा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से किया गया । अभियान के दौरान टीबी की रोकथाम व उपचार के लिए रेडियो कार्यक्रम, लोकगीतों व टीबी चैंपियंस को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के जरिए समुदाय को जागरूक किया गया साथ ही सामुदायिक रेडियो को टीकाकरण अभियान में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया ।

● दिनांक 15.12.2022 को प्रदेश में आयोजित हुए निक्षय दिवस के बारे में जनपद के समस्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर BCPM के लिए दिनांक 14.12.2022 को डा. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय




के खंदारी परिसर स्थित जेपी सभागार में सेनसिटाइज कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान–2025' को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए सामुदायिक रेडियो 90.4 ''आगरा की आवाज'' (स्मार्ट संस्था के साथ) और स्वास्थ्य विभाग आगरा का टीबी विभाग सयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं।

● दिनांक 24.12.2022 को डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित सेठ पदम चन्द जैन प्रबन्धन संस्थान में क्रिसमस डे की पूर्व संध्या के अवसर पर 'सामाजिक सरोकार' कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके अन्तर्गत प्रबन्धन के छात्र छात्राओं ने गरीब बच्चों को खाने के पैकेट वितरित किये और क्रिसमस के वास्तविक महत्व को समझाया गया। मा. कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में कार्यक्रम का आरम्भ करते हुए संस्थान के



निदेशक डॉ० अतुल माथुर ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि प्रबन्धन के छात्र होने के नाते ये उनका कर्तव्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति वे अपनी जिम्मेदारी महसूस करें। इसी भावना को सार्थक करते हुए इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

- दिनांक 15.10.2022 को खंदारी परिसर के सेठ पदमचंद जैन प्रबंधन संस्थान में एम. बी. ए पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं




के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम "आरम्भ–2022" का आयोजन किया गया ।

- दिनांक 1 से 03 दिसम्बर 2022 डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर में तीन दिवसीय रंगा–रंग युवोत्सव




2022 का आयोगन किया गया । जिसमे विश्वविद्यालय से सम्वद्ध सभी महाविद्यालयों के तथा आवासीय संस्थानों के छात्र–छात्राओ ने प्रतिभाग किया .

- दिनांक 24.12.2022 को अप्राधिकृत बच्चों के साथ क्रिसमस दिवस मनाया गया साथ ही खाद्य सामग्री एवं उपहार भी वितरित किए गए।

- दिनांक 23.10.2022 को जागरुकता कार्यक्रम के अतर्गत 'वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियॉ एवं समाधान' का कार्यक्रम आयोजन लंग केअर फाउंडेशन और आर्यव्रत बैंक के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

## खेलकूद गतिविधियां

- इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग खंदारी परिसर में 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक स्पोर्ट्स एवं विद्या क्रीड़ा का आयोजन किया गया



जिसमे सभी छात्र–छात्राओ ने कबड्डी, बॉलिबॉल, शतरंज, कैरम, खो–खो, पेंटिंग, रंगोली, मेहँदी, बैडमिंटन आदि खेलो का आनंद उठाया ।



- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, छलेसर कैंपस के डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन में 22.10.2022 को छलेसर



कैंपस और कृष्णा कॉलेज के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

- 23.12.2022 कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर उड़ीसा में चल रही नॉर्थ ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय चौंपियनशिप में डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के ओमकार वर्मा ने 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। टीम



मैनेजर डॉ अनिल यादव एवम कोच डॉ अनिल बघेल ने बताया की विश्वविद्यालय के लिए यह एक ऐतिहासिक जीत है। जिसमें अब तक ओमकार वर्मा ने 200 मीटर दौड़ में, अजीत ने टिप्पिल जंप में, नरेंद्र सिंह ने हाफ मैराथन दौड़ में और सुमित ने 5000 मीटर दौड़ में चेन्नई में होने वाली अखिल भारतीय एथलेटिक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। जबकि महिला टीम की निधि ने लंबी कूद एवम ट्रिपल जंप में (ए. के. कालेज शिकोहाबाद) ने दो कांस्य पदक जीतने के साथ अखिल भारतीय एथलेटिक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है. इसके साथ 100 मीटर दौड़ में प्रियंका सिकरावर, 10000 मीटर दौड़ में, काजल चक्रवर्ती, लंबी कूद में, अंकिता चौधरी ने भी ऑल इंडिया एथलेटिक्स चौंपियनशिप चेन्नई के लिए क्वालीफाई किया है ।

4. दिनांक 23 दिसंबर से 28 दिसंबर, 2022 तक गुरु काशी विश्वविद्यालय भठिंडा में ऑल इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉक्टर दलवीर सिंह कौंतेय ने बताया पहले अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता जो की केआर महाविद्यालय मथुरा में आयोजित की गई थी उसके आधार पर डॉ भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया गया, जिसमें कुल 12 बालिकाएं और 12 बालकों का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए किया गया था। दिनांक 23.12.2022 को भठिंडा में आयोजित हो





रही प्रतियोगिता में अभिषेक राणा ने रिकर्वे कैटेगरी में 70 मीटर में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए। अभिषेक इससे पहले भी कई कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। अभिषेक मुख्य रूप से गोवर्धन में स्थित बाबूलाल कॉलेज के छात्र हैं। इनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की मा. कुलपति ने आशीर्वाद देते हुए बहुत सरहाना की।

## विविध गतिविधियाँ

- दिनांक 02.10.2022 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर समाज विज्ञान संस्थान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आशु रानी, प्रो वी. सी. प्रो. अजय तनेजा, कार्यक्रम



संयोजिका प्रो. विनिता सिंह, डॉ. मो. हुसैन आदि ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही ललित कला संस्थान से डॉ. अलका शर्मा और विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत किये और छात्रा उर्वशी, मनु रानी और रीमा द्वारा दोनों महापुरुषों के कार्यों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।.

- कुलपति ने 10.10.2022 को विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान



(खंदारी कैंपस) में संविदा और अतिथि प्रवक्ताओं के साथ संवाद किया और संबोधित करते हुए कहा की विश्वविद्यालय में उन सभी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

- दिनांक 12.10.2022 को विश्वविद्यालय की मा. कुलपति द्वारा आगरा के बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय में मेन्टल हेल्थ डेस्क 'जान



है तो जहान है' का अनावरण राष्ट्रीय हेल्थ मिशन उत्तर प्रदेश के सौजन्य से किया गया।

- 14.10.2022 को उ.प्र. विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) की नवनिर्वाचित कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह में मा. कुलपति का विशिष्ट अतिथि के रूप में जाना हुआ । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे मा. योगेन्द्र उपाध्याय (कैबिनेट मंत्री "उच्च शिक्षा" विज्ञान और प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स सूचना मंत्रालय




उ.प्र. सरकार), अध्यक्षता प्रो. जी. सी सक्सेना (पूर्व कुलपति, आगरा एवं अवध विश्वविद्यालय) ने की।

- पालीवाल पार्क कैंपस स्थित जुबली हॉल में 15.10.2022 को विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी



एसोसिएशन ने महाकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

- विश्वविद्यालय एवं भारतीय शिक्षण मंडल युवा आयाम ब्रज प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 20.10.22 को सेठ पदम् चंद जैन संस्थान में आयोजित "शोधवीर सम्मान" शिविर के अंतर्गत



सुभाष–स्वराज–सरकार शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया एवं "शोध मंजरी" पत्रिका का विमोचन किया गया.

- तीन दिवसीय 'ग्लोबल ताज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल'




विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर में इंस्टीटूट ऑफ टूरिज्म व होटल मैनेजमेंट के सहयोग से दिनांक 11.11.2022 से प्रारंभ हुआ.

- डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर के बृहस्पति भवन में दिनांक 13.12.22 को मा. कुलपति की अध्यक्षता में नैक की तैयारी हेतु अकैडमिक ऑडिट की गयी। जिसमें चार संस्थान, स्कूल ऑफ लाइफ साइंस, इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस,



डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी एवं दाऊ दयाल संस्थान का प्रेजेंटेशन हुआ । इन सभी विभागों ने अपने विभाग की प्रोग्रेस रिपोर्ट, विभाग में चल रहे पाठ्यक्रमों की सूची, उनमें अध्यनरत छात्रों की संख्या, संस्थान में कुल आय–व्यय व डिपार्टमेंट में चल रहे प्रोजेक्ट, फैकल्टी मेंबर द्वारा प्रकाशित रिसर्च पेपर तथा सभी प्रकार के 5 वर्ष के एकेडमिक कार्य जो डिपार्टमेंट ने अर्जित किए हैं उन सभी की जानकारी प्रस्तुत की गई।

- शासन की "स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण" योजना के तहत स्मार्ट मोबाइल एवं टेबलेट के वितरण के दौरान दिनांक 13.12.2020 को सेठ पदम चंद जैन संस्थान में माननीय विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, कुलपति प्रो. आशु रानी, प्रो. अजय तनेजा एवं संयोजक प्रो. अनिल कुमार गुप्ता ने अपनी उपथिति दर्ज की। संचालन प्रो. बृजेश रावत द्वारा किया गया ।



- डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित गृह विज्ञान संस्थान के आहार एवं पोषण विभाग द्वारा 'न्यूट्री केफे' का आयोजन दिनांक 14.12.2022 को विश्वविद्यालय की मा. कुलपति के निर्देशन में संस्थान की विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना सिंह ने कराया। 'न्यूट्री केफे' का आयोजन 'संस्थागत खाद्य प्रबंधन' विषय के अंतर्गत



छात्राओं ने लागत प्रभावी तरीके से बड़ी संख्या में लोगों के लिए किस प्रकार पौष्टिक एवं इनोवेटिव वैल्यू एडेड फूड का प्रोडक्शन, हेल्दी कुकिंग टेक्निक्स का प्रयोग करके किया जाता है, उसका प्रस्तुति–करण किया।

- दिनांक 15.12.2022 को राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण 'स्मार्ट फोन व टेबलेट वितरण



योजना' कार्यक्रम के अंर्तगत विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग व समाज विज्ञान संस्थान के छात्रों को टेबलेट वितरित किये गये।

- ललित कला संस्थान के छात्रों का 'दिशानी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी में चयन हुआ। डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के संस्कृति भवन स्थित ललित कला संस्थान के बी.एफ.ए. फाइनल ईयर के तथा एमएफए के छात्रों का दिशानी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इंटर्नशिप के लिए साक्षात्कार के पश्चात 10 छात्रों का चयन हुआ है ।



- डॉ भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के छात्र कल्याण विभाग की तरफ से श्री गुरु गोविंद जी के साहबजादों की स्मृति में 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन ललित कला संस्थान, सिविल लाइंस परिसर में दिनांक 26. 12.22 को आयोजित किया गया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रो. मोहम्मद अरशद ने सभी छात्रों को इस अवसर पर साहबजादों के



बलिदान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सरदार परमिंदर सिंह ग्रोवर एडवोकेट तथा अतिथि सरदार राजदीप सिंह ग्रोवर ने सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के चार स्वयंसेवकों का गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023 के लिए चयन हुआ। चयनित स्वयंसेवकों में आगरा कॉलेज, आगरा की हृदेश शर्मा, सेंट जॉन्स कॉलेज से वंश शर्मा, धर्म समाज डिग्री कॉलेज, अलीगढ़ से निशा और बलवंत विद्यापीठ, बिचपुरी से अनमोल छौंकर शामिल हैं। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1 से 31 जनवरी 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु उत्तर प्रदेश राज्य से कुल 12 स्वयंसेवकों का चयन हुआ, जिसमें 6 स्वयंसेवक व 6 स्वयंसेविका शामिल हैं।

- दिनांक 15.12.2022 को संस्कृति भवन में शनिवार को अखिल भारतीय 'कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ कुलपति प्रो. आशु रानी, ग्लैमर लाइव फिल्म के कॉर्डिनेटर सूरज तिवारी, प्रो. लवकुश मिश्र, प्रो. यू. एन. शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया।

- On 15.12. 2022.Dr. Varsha Goyal, Received a Certificate of Appreciation in recognition of important contribution as "ANCHOR FACULTY" in 10 hours session in "KONA-KONA SHIKSHA" conducted by national institute of securities markets (NISM)

- On 07.11.2022.Dr. Varsha Goyal, "Empanelled as an academic counsellor" in IGNOU,

- On 07.11.2022. Dr. Swati Mathur, "Chaired a session in an International Conference" held in Dayalbagh Educational Institute, Agra.

- On 07.11.2022. Dr. Ruchira Prasad, "Chaired a session in an International Conference" held in Dayalbagh Educational Institute, Agra.


# नव गठित समितियाँ

| क्रम सं. | समिति का नाम | गठन की तिथि | समिति के पद एवं सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1. | जनसम्पर्क अनुभाग | 12.10.2022 | श्रीमती पूजा सक्सैना (PRO), डॉ स्वेतलाना, श्री दीपक कुलश्रेष्ठ, श्री संदीप शर्मा, श्री तरुण श्रीवास्तव |
| 2. | प्रॉक्टोरियल बोर्ड | 12.10.2022 | प्रो मनु प्रताप सिंह (चीफ प्रॉक्टर), डॉ राजेश कुशवाहा, डॉ नीलम यादव, डॉ मो हुसैन, (प्रॉक्टर, पालीवाल पार्क), प्रो बिन्दु शेखर शर्मा, प्रो अर्चना सिंह, डॉ गिरीश कुमार (प्रॉक्टर, खन्दारी परिसर), प्रो बी डी शुक्ला, डॉ ममता बंसल, डॉ देवाशीष गांगुली (प्रॉक्टर, संस्कृति भवन), डॉ अखिलेश कुमार सक्सैना, डॉ पूजा शर्मा, प्रो बृजेश कुमार तिवारी, (प्रॉक्टर, छलेसर परिसर) |
| 3. | प्रशासनिक शिकायत जॉच अधिकारी (OMBUDSMAN) | 25.11.2022 | प्रो. सुगम आनन्द (लोकपाल) |
| 4. | Women Cell | 02.11.2022 | प्रो. विनीता सिंह (समन्वयक), प्रो. अचला गक्खर, प्रो. यू.एन. शुक्ला, प्रो. वी पी सिंह, डॉ. स्वाति माथुर, डॉ. रतना पाण्डेय और डॉ. मोनिका अस्थाना, डॉ. राजीव वर्मा, प्रो. मोहम्मद अरशद, डॉ. नीलम यादव, डॉ. निधि पाण्डेय, श्रीमती सुमन सुराना |
| 5. | Intellectual Property Rights Cell | 29.11.2022 | प्रो. गौतम जैसवार (समन्वयक), डॉ. संघमित्रा गौतम, डॉ. पूजा शर्मा, श्री शैलेन्द्र सिंह |
| 6. | साइबर हाइजिन | 12.12.2022 | प्रो अनिल गुप्ता (समन्वयक), श्री राजीव कपिल, डॉ मीनाक्षी चौधरी, डॉ श्वेता चौधरी, डॉ मनोज कुमार, ई. सौरभ गर्ग, डॉ० अवनीश, डॉ प्रवीन यादव |
| 7. | स्वतंत्र वेब पोर्टल वर्क स्टेशन | 12.12.2022 | प्रो. वी. के. सारस्वत (समन्वयक), प्रो. बी. पी. सिंह, प्रो. मनु प्रताप सिंह, प्रो मनोज उपाध्याय, प्रो अनिल कुमार गुप्ता,श्री अमित चन्द्र सक्सेना, श्री आलोक कटियार |
| 8. | Internal Complaints Committee | 22.12.2022 | प्रो. दीपमाला श्रीवास्तव (समन्वयक), प्रो. मीनाक्षी श्रीवास्तव, प्रो. हेमा पाठक, सुश्री संघमित्रा गौतम, डॉ. उदिता तिवारी, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती अमिता पाण्डेय |
| 9. | Foreign Student Cell | 29.11.2022 | प्रो. लवकुश मिश्रा (समन्वयक), प्रो रणवीर सिंह, डॉ एस के जैन, डॉ. रनजीत भारती, डॉ. देवाशीष गांगुली |
| 9. | Monitoring Cell | 26.11.2022 | प्रो मनु प्रताप सिंह (समन्वयक), बी.डी.के.आगरा, एस. आर. के. कॉलेज फिरोजाबाद, श्री चित्र गुप्त पी. जी. कॉलेज मैनपुरी, के. आर. टी. टी. कॉलेज मथुरा, बी. डी. जैन गर्ल्स कॉलेज आगरा। लाल बहादुर शास्त्री होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के डीन, पॉलिटिकल साइंस विभाग आगरा के संयुक्त सचिव AUTA डॉ शशि कांत पांडेय और डिपार्टमेंट ऑफ लॉ, आगरा कॉलेज के कार्यकारी सदस्य AUTU डॉ गौरव कौशिक |

# विश्वविद्यालय की मुख्य बैठकें

| क्रम सं. | दिनांक | बैठक |
|---|---|---|
| 1. | 14.11.2022 | विद्या परिषद |
| 2. | 19.11.2022 | परीक्षा समिति |
| 3. | 23.11.2022 | वित्त समिति |
| 4. | 24.11.2022 | कार्य परिषद |

# स्टूडेंट कॉर्नर



वर्ष 2018 में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में एक लंबे अंतराल के बाद डॉक्ट्रेट की उपाधि हेतु विज्ञापन जारी हुआ था। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लगभग 750 के आस–पास विद्यार्थियों ने प्री.पीएच–डी कोर्स वर्क पूरण कर, विविध विषयों में शोध–विद्यार्थी के रूप में अपनी यात्रा प्रारंभ की। इस बीच कोरोना महामारी जैसी महात्रासदी झेलते विश्व से हम भी कहाँ अछूते रहे, किंतु यह यात्रा अनवरत चलती रही।

समय के साथ परिस्थितियाँ बदलती हैं और फिर परिवेश, विचार बदलते हैं तो वैचारिकी भीय यानी कि परिवर्तन सतत प्रवाही प्रक्रिया है, जो निरंतर नवीनता का आधार बनती है। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय के नवीन वातावरण में पल्लवित हो रहे शिक्षा रूपी वृक्ष के रंगीन पुष्प गगन सार्शी उड़ान के लिए किसी स्वतंत्र पंखों वाले पंछी की तरह तैयार हैं, वे भी और मैं भी।

हमारे विश्वविद्यालय ने भी अनेक परिवतन देखे, और हमने भी। हमारे तत्कालीन सत्र के अनेक सहपाठियों का शोध कार्य पूरण भी हो चुका है, कुछ का होने ही वाला है और कुछ का शीघ्र हो जाएगा। हमारे शोध निदेशकों, प्राध्यापकों व संबंधित सक्षम अधिकारियों का सहयोग सराहनीय रहा। इनमें से जिनका सहयोग न भी मिल सका, उनका अब मिले, ऐसी आशा है। क्योंकि अब बहुत कुछ नया है। नया परिवेश है, नया परिदृश्य है।

**दीक्षा गौतम**

(शोध छात्रा – गणित)



मानवीय मूल्यों, सामाजिक सरोकारों, मौलिक संचेतनाओं व विवेकशील प्रज्ञा के मूल में जिस अविजित शक्ति का संन्निवेश उसे साधने का यशपूरित उपागम बनता है वह है ''शिक्षा''। नितांत वैयक्तिक व भौतिकतावादी युग में भी जिस आत्मीयता की शक्ति ने वर्तमान के मानव को आपसी समझ व लौकिक उपालंबों का अनुष्ठाता बनाया है, वह भी शिक्षा ही है। विद्यार्थियों का समूह जब एक शिक्षक के समीप बैठकर सीखने की उपनिषदीय अवस्था में होता है तब वह संपूर्ण वातावरण एक कक्षा कहलाता है। ऐसी ही अनेक कक्षाओं के समायोजन से शिक्षण संस्थाओं की परिकल्पना साकार होती है। तदनंतर ऐसे ही अनेक विषयों व उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति के लिए सृजित संस्थाओं अर्थात महाविद्यालयों का समूह जिस मूल संस्था की निर्मिति का आधार स्वीकार करता है, उसे विश्वविद्यालय कहा जाता है। एक ऐसा स्थल जिसकी नींव में उससे संबद्ध समस्त शैक्षणिक संस्थानों को प्रदान की जाने वाली ऊर्जा निहित होती है। ठीक इसी प्रकार की ऊर्जा का संचार करने वाली संस्था के रुप में एक विश्वविद्यालय है यानी कि मेरा विश्वविद्यालय ''डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, पालीवाल पार्क, आगरा''। 1927 ई. में स्थापित आगरा विश्वविद्यालय का जो वैभव रहा है, उसकी पुनर्स्थापना में हम सब विद्यार्थियों को सहभागी होना होगा। जिस प्रकार भारत माता समय के चक्र पर अपना खोया हुआ वैभव, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में पुनः प्राप्त करने की ओर अग्रसर है।

**कृष्ण कुमार 'कनक'**

(प्री. पी–एच. डी. शोध छात्र, हिन्दी)

## छात्र–छात्राओं का उपलब्धियाँ

### युवोत्सव 'UNIFEST' 1–3 दिसम्बर 2022

**शास्त्रीय गायन**
**द्वितीय**–पारस कुमार, ललित कला संस्थान, आगरा

**पश्चिमी गायन (एकल)**
**प्रथम**–सात्विक गौर, ललित कला संस्थान, आगरा

**पश्चिमी गायन (समूह)**
**तृतीय**–अनुज, अभय, माधव, शुभम, सौम्या, मानसी, ललित कला संस्थान, आगरा

**पश्चिमी गायन (एकल)**
**तृतीय**–पूजा अग्रहरि, ललित कला संस्थान, आगरा

**क्विज**
**द्वितीय**–भावना गौर, स्कूल ऑफ लाइफ सांइस, आगरा

**निबंध**
**प्रथम**–मुकुल कुमार, इंस्टिट्यूट ऑफ लाइफ सांइस, आगरा
**द्वितीय**–शिवानी सिंह, इंस्टिट्यूट ऑफ लाइफ सांइस, आगरा

**काव्य पाठ**
**प्रथम**–खुशी सरन खुशवाह, पं दीन दयाल उपाध्याय, आगरा

**मिमिक्री**
**तृतीय**–अंकीत चौबे, आई. ई. टी., आगरा

**ऑन द स्पॉट पेंटिंग**
**तृतीय**–कृष्णा वर्मा, ललित कला संस्थान, आगरा

**कोलॉज**
**तृतीय**–अदिति, ललित कला संस्थान, आगरा

**पोस्टर मेकिंग**
**प्रथम**–अस्तुति, ललित कला संस्थान, आगरा

**रंगोली**
**तृतीय**–अदिति, ललित कला संस्थान, आगरा

**इंस्टालेशन**
**द्वितीय**–शिव मंगल सिंह, ललित कला संस्थान, आगरा

**हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता**
**प्रथम**–सुषेण शर्मा, KMI

सांख्यिकी विभाग की रीना कुमारी UGC NET December - 2021 & June - 2022 (Merged Cycles) की परीक्षा उत्तीर्ण की।

# झलकियाँ



Dr. Bhimrao Ambedkar Program 06.12.2022




ITHM Kavi Sammelan



International conference ITHM




Ph.D. Group 24.12.2022

SCAN ME




'UNIFEST' 1-3 December, 2022



Lalit Kala Sansthan, Activity